राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने बिहारवासियों को नव वर्ष–2019 के लिए शुभकामनाएँ दी

पटना, 31 दिसम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने नव वर्ष–2019 के शुभागमन के सुअवसर पर समस्त बिहारवासियों और देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री टंडन ने अपनी शुभेच्छा व्यक्त करते हुए कहा है कि ''नये वर्ष में सबके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उल्लास समाहित हो तथा ऐसा सौहार्दपूर्ण और सद्भावमूलक सामाजिक वातावरण विकसित हो, जिससे राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति, सामाजिक समता और न्यायपरक विकास को पूरी शक्ति और गति मिल सके।''

साथ ही, अपने शुभकामना–संदेश में राज्यपाल ने मंगलकामना की है कि नये वर्ष में बिहार सतत् प्रगति–पथ पर आगे बढ़ता रहे।

....